भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या †1541**
दिनांक 09.12.2025 को उत्तरार्थ

## आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान का कार्यान्वयन

†1541. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पाँच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत आंध्र प्रदेश को कोई निधि जारी नहीं की गई है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य में आरजीएसए, इसके लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि सहित, के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग)आरजीएसए के अंतर्गत अवसंरचना, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, डिजिटलीकरण और अन्य पहलों जैसे कार्यकलापों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या आरजीएसए के अंतर्गत आंध्र प्रदेश की ओर से परियोजनाओं या वित्तपोषण हेतु कोई प्रस्ताव लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

पंचायती राज मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वर्ष 2018-19 से 2020-21 के दौरान राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) को लागू किया गया और राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) की संशोधित केंद्र प्रायोजित योजना को वित्त वर्ष 2022-23 से लागू किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों (ईआर) और अन्य हितधारकों को प्रशिक्षण देकर पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) का क्षमता निर्माण करना है ताकि नेतृत्व भूमिकाओं के लिए उनकी शासन क्षमताओं का विकास हो सके और ग्राम पंचायतों को प्रभावी ढंग से कार्य करने में सक्षम बनाया जा सके। यह योजना मांग आधारित प्रकृति की है और इसके लिए निधि जारी करना विभिन्न पहलुओं पर निर्भर करता है जिसमें केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) द्वारा वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन, उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज को प्रस्तुत करना आदि शामिल है। इस योजना के तहत, पिछले पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश राज्य को 91.06 करोड़ रुपये की निधि जारी की गई है और 112.24 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है, जिसमें पिछले वर्षों/योजना का अव्ययित शेष और राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया राज्यांश भी शामिल है।

(ख) चालू वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, आंध्र प्रदेश राज्य के लिए मंत्रालय द्वारा 333.30 करोड़ रुपये (केंद्रीय और राज्य हिस्सा सहित) की वार्षिक कार्य योजना को मंजूरी दी गई है। इसमें से, केंद्रीय हिस्से के रूप में 50.00 करोड़ रुपये जारी किए गए और दिनांक 25.11.2025 तक राज्य द्वारा 18.32 करोड़ का उपयोग

किया गया।

(ग)वर्ष 2022-23 से आरजीएसए की संशोधित योजना के तहत, 617 पंचायत भवनों के निर्माण और 1922 कंप्यूटरों की खरीद की मंजूरी दी गई है, जिनमें से 500 कंप्यूटर पहले ही खरीदे जा चुके हैं। पंचायत भवनों के निर्माण और खरीदे गए कंप्यूटरों के लिए जिला-वार आवंटन क्रमशः **अनुलग्नक-I**और **अनुलग्नक-II**में संलग्न है। इसके अलावा, प्रशिक्षण प्रबंधन पोर्टल (टीएमपी) के माध्यम से राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, इस योजना के तहत 13,37,088 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित प्रतिभागियों का संस्थान-वार/जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-III**में दिया गया है।

(घ) वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संशोधित आरजीएसए के नवाचार एवं आर्थिक विकास तथा आय वृद्धि परियोजनाओं के अंतर्गत मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश राज्य की निम्नलिखित चार परियोजनाओं को मंजूरी दी है, (i)अराकु - कैंपिंग और कारवां गांव, (ii) कुचिपुडी- हेरिटेज गांव, (iii) एटिकोपका – टॉय विलेज और (iv) आंध्र प्रदेश राज्य के ग्रामीण परिवारों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पद्धतियों पर व्यावहारिक परिवर्तन लाने हेतु ग्राम पंचायतों का सशक्तिकरण किया गया। आरजीएसए के तहत आंध्र प्रदेश राज्य का कोई प्रस्ताव वित्तपोषण के लिए लंबित नहीं है।

–

**<u>अनुलग्नक -I</u>**

**आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के कार्यान्वयन के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1541 जिसका उत्तर दिनांक 09/12/2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**आंध्र प्रदेश राज्य में अनुमोदित ग्राम पंचायत भवनों का जिले-वार विवरण**

| **क्रं सं** | **जिला** | **ग्राम पंचायत भवनों का आवंटन** |
|---|---|---|
| 1 | चित्तूर | 17 |
| 2 | पालनाडु | 16 |
| 3 | अनंतपुरम | 27 |
| 4 | एएसआर | 53 |
| 5 | कृष्णा | 4 |
| 6 | श्रीकाकुलम | 24 |
| 7 | अन्नामय्या | 12 |
| 8 | पी. मनयम | 95 |
| 9 | तिरुपति | 52 |
| 10 | श्री सत्य साईं | 23 |
| 11 | अनाकापल्ली | 28 |
| 12 | वाईएसआर कडपा | 56 |
| 13 | एलुरु | 14 |
| 14 | प्रकाशम | 19 |
| 15 | कुरनूल | 36 |
| 16 | एसपीएसआर नेल्लोर | 40 |
| 17 | विजयनगरम | 40 |
| 18 | बापटला | 12 |
| 19 | नंदयाल | 15 |
| 20 | गुंटूर | 12 |
| 21 | काकीनाडा | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| 22 | पूर्व गोदावरी | 5 |
| 23 | एनटीआर | 6 |
| 24 | कोनसीमा | 2 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 1 |
| 26 | विशाखापत्तनम | 1 |
| | कुल | **617** |

**नोट: राज्य द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार**

**अनुलग्नक-II**

**आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के कार्यान्वयन के संबंध में लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1541 जिसका उत्तर दिनांक 09/12/2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक**

**वितरित किए गए कंप्यूटरों का जिला-वार विवरण**

| क्रं सं | जिला | कंप्यूटरों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | श्रीकाकुलम | 31 |
| 2 | विजयनगरम | 31 |
| 3 | पार्वतीपुरमन्यम | 21 |
| 4 | विशाखापत्तनम | 10 |
| 5 | अनाकापल्ली | 28 |
| 6 | अल्लूरी सीताराम राजू | 20 |
| 7 | काकीनाडा | 9 |
| 8 | पूर्व गोदावरी | 9 |
| 9 | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा | 9 |
| 10 | पश्चिम गोदावरी | 12 |
| 11 | एलुरु | 16 |
| 12 | कृष्णा | 19 |
| 13 | एनटीआर | 12 |
| 14 | गुंटूर | 12 |
| 15 | पालनाडु | 20 |
| 16 | बापटला | 16 |
| 17 | प्रकाशम | 23 |
| 18 | एसपीएसआर नेल्लोर | 27 |
| 19 | नंदयाल | 20 |
| 20 | कुरनूल | 16 |
| 21 | वाईएसआर कडपा | 23 |
| 22 | अन्नामय्या | 19 |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | श्री सत्य साईं | 16 |
| 24 | अनंतपुरम | 20 |
| 25 | तिरुपति | 34 |
| 26 | चित्तूर | 27 |
| **कुल** | | **500** |

**नोट: राज्य द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार**

**अनुलग्नक –III**

**आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के कार्यान्वयन के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1541, जिसका उत्तर दिनांक 09/12/2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

**पिछले 4 वर्षों (दिनांक 25.11.2025 तक) के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में प्रशिक्षित प्रतिभागियों का संस्थान-वार/जिलावार विवरण**

| क्रम संख्या | संस्थान का नाम | प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज संस्थान, विजयवाड़ा | 6,42,134 |
| 2 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला - अनंतपुरमु ) | 42,648 |
| 3 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (जिला - श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर) | 43,885 |
| 4 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला - विशाखापत्तनम) | 54,504 |
| 5 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला - वाईएसआर कडप्पा) | 43,304 |
| 6 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-चित्तूर) | 66,534 |
| 7 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-पूर्वी गोदावरी) | 94,081 |
| 8 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-गुंटूर) | 56,856 |
| 9 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-कृष्णा) | 36,394 |
| 10 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-कुरनूल) | 39,754 |
| 11 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-प्रकाशम) | 45,423 |
| 12 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-श्रीकाकुलम) | 50,907 |
| 13 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (जिला-विजयनगरम) | 49,362 |
| 14 | जिला पंचायत संसाधन केंद्र, (ज़िला-पश्चिम गोदावरी) | 54,028 |
| 15 | विस्तार प्रशिक्षण केंद्र, बापटला | 5,326 |
| 16 | विस्तार प्रशिक्षण केंद्र, समालकोटा | 5,335 |
| 17 | विस्तार प्रशिक्षण केंद्र, श्री कालहस्ती | 6,613 |
| | **कुल** | **13,37,088** |

नोट: प्रशिक्षण प्रबोधन पोर्टल के अनुसार

****